# भर्ती हेतु सूचना

## सलाहकार–सामुदायिक प्रक्रियाएं/व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल (एनएचएसआरसी)

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता विकास में सहयोग प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसायटी के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) का गठन किया गया है। एनएचएसआरसी को राष्ट्रीय रणनीतिक स्वास्थ्य आयोजना और कार्यक्रम डिजाइन में योगदान करने का भी दायित्व सौंपा गया है।

यदि आप स्वास्थ्य साम्या और उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध हैं, तो यहां आपके लिए एक ऐसी टीम के साथ कार्य करने का एक अनोखा अवसर है, जो भारत में जन स्वास्थ्य परिदृश्य को आकार प्रदान कर रही है। यह पद, अपको राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तरों पर उपलब्ध क्रियान्वयन सहायता के माध्यम से स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने, स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी में सुधार करने और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम लाने की प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर प्रदान करता है। अलग–अलग क्षेत्र की विविध टीमों के साथ कार्य कर आप सेवा प्रदायगी प्रणाली, सबके लिए प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रियाओं, स्वास्थ्य वित्तपोषण, गुणवत्तापूर्ण सेवाएं, जन स्वास्थ्य आयोजना और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने संबंधी विविध चुनौतियों का समाधान खोज सकेंगे, अनुकूलित कर सकेंगे, सह–निर्माण और प्रसार कर सकेंगे। यह स्वास्थ्य प्रणालियों के व्यापक सुदृढ़ीकरण को सहयोग प्रदान करने, जिला और उप जिला कार्यान्वयन से सीखने, जानकारी को स्वरूप प्रदान करने और सबके लिए स्वास्थ्य की अवधारणा को साकार करने का एक अवसर है।

यह पद पूर्णतः संविदा आधार पर विशिष्ट रूप से सलाहकार–सामुदायिक प्रक्रियाएं/व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल (सीपी/सीपीएचसी) (एक पद) के लिए है।

भूमिका एवं दायित्वः

- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) और आयुष्मान भारत की वर्तमान प्राथमिकताओं के अनुसार सामुदायिक प्रक्रियाएं और व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल टीम के कार्य का नेतृत्व करना।
- सीपी और सीपीएचसी के संबंध में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय/राज्यों के लिए प्रमुख तकनीकी और कार्यक्रम के संदर्भ बिंदु के रूप में कार्य करने के लिए एनएचएसआरसी और एनईआरआरसी में टीम का क्षमता निर्माण और टीम के सदस्यों को प्रशिक्षण प्रदान करना।
- इन क्षेत्रों में वैश्विक दृष्टिकोण की समझ सहित कार्य–क्षेत्र के अनुभव और सीख तथा द्वितीयक डेटा के उपयोग के आधार पर सुसंगत नीति और कार्यक्रम में संशोधन कराना।
- दिशानिर्देश तैयार करने के कार्य का नेतृत्व करना और उपयुक्त अनुकूलन सहित दिशानिर्देशों को तलाशने और उनका उपयोग करने हेतु राज्य और जिला टीमों का क्षमता निर्माण करने में सहयोग करना।
- केंद्र और राज्यों को सामुदायिक प्रक्रियाओं और व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के विकास, कार्यान्वयन और निगरानी के लिए आवश्यक तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने का नेतृत्व करना।
- राज्य और जिले की वास्तविकताओं की एक सशक्त समझ के आधार पर तकनीकी सलाह और विशेषज्ञता प्रदान करना, आशा और सामुदायिक प्रक्रियाओं के मूल्यांकन में वैश्विक साक्ष्य सहित द्वितीयक साहित्य की समीक्षा करना, और वर्तमान संदर्भ में यथावश्यक पुनःडिजाइन/पुनर्निर्माण कराना।
- कार्यक्रम कार्यान्वयन को बेहतर बनाने के लिए प्रमुख कार्यक्रम घटकों के द्वितीयक विश्लेषण सहित अनुसंधान आरंभ कराना।

- प्रमुख प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल परिणामों के रुझानों की पहचान करने और उचित नीति और कार्यक्रम संबंधी संशोधन कराने के लिए सर्वेक्षण और कार्यक्रम डेटा का विश्लेषण करना।
- सीपी और सीपीएचसी के लिए क्षमता निर्माण, अनुसंधान और पैरवी करने के लिए अनुसंधान, शिक्षा और सिविल सोसाइटी एजेंसियों के साथ भागीदारियां बनाना।
- आवश्यकतानुसार एनएचएसआरसी, आरआरसी–एनई के अन्य प्रभागों और अन्य हितधारकों के साथ गहन संपर्क में कार्य करना।
- कार्यकारी निदेशक द्वारा समय–समय पर सौंपे गए अन्य कार्य करना।

योग्यता और अनुभवः

- चिकित्सा और जन स्वास्थ्य में स्नातकोत्तर या उच्चतर योग्यता।
- प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल और सामुदायिक स्वास्थ्य के प्रमुख व्यापक कार्यक्रमों में योग्यता उपरांत न्यूनतम 15 वर्षों का कार्य अनुभव।
- तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए राज्यों और जिलों की यात्रा करने की इच्छा और सौंपे गए कार्यों को समय–सीमाओं के भीतर पूरा करने के लिए एक साथ अलग–अलग कार्य करने की क्षमता।
- कंप्यूटर कौशलः एमएस–वर्ड, एक्सेल, पावर प्वाइंट जैसे आम तौर पर उपयोग किए जाने वाले पैकेजों में प्रवीणता। डेस्क अनुसंधान, साहित्य समीक्षा और अन्य सुसंगत दस्तावेजों का उपयोग करने के लिए इंटरनेट का उपयोग करने की क्षमता।
- विश्लेषणात्मक रिपोर्टें लिखने की योग्यता सहित अंग्रेजी में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संप्रेषण कौशल। हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान भी वांछनीय है।
- उत्कृष्ट संप्रेषण, प्रस्तुति कौशल और अंतर्वैयक्तिक क्षमताओं सहित बहु–अनुशासनात्मक टीम परिवेश में कार्य करने की प्रदर्शित क्षमता।
- उत्कृष्ट अभ्यर्थियों के लिए औपचारिक शैक्षणिक योग्यता, अनुभव और आयु में ढील दी जा सकती है।

आयु सीमाः 60 वर्ष (आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को)।
कार्य स्थलः नई दिल्ली
संविदा अवधिः दोवर्ष
पारिश्रमिक सीमाः प्रतिमाह 1,70,000/– रु. से 2,20,000/– रु. तक
***योग्यता एवं अनुभव के आधार पर पारिश्रमिक का निर्धारण किया जाएगा।***

आवेदन करने के लिए: अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेब साइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को. 13 फरवरी 2020 तक advisor.cp.nhsrc@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का स्पष्ट उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।